समाचार

# स्लम बस्ती कांशीनगर की सड़क, नाली व साफ–सफाई से जुड़ी समस्याएं होंगी दूर

## (आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय पहुंचे स्लम बस्ती कांशीनगर अधिकारियों की टीम के साथ बस्ती का किया भ्रमण, जानी समस्याएं, निराकरण हेतु त्वरित कार्यवाही के दिए निर्देश )



कोरबा 06 अगस्त 2025 – नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 22 कांशीनगर स्लम बस्ती के सड़क, नाली, साफ–सफाई, स्ट्रीट लाईट से जुड़ी समस्याएं अब दूर होंगी, आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने कांशीनगर बस्ती का पैदल व स्कूटी से भ्रमण कर इनसे हुड़ी समस्याओं का सघन निरीक्षण किया तथाा समस्याओं के निराकरण हेतु सड़क, नाली मरम्मत व निर्माण कार्य के प्रस्ताव तत्काल तैयार कर प्रस्तुत किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार वार्ड क्र. 23 बुधवारी में भी सी.सी. रोड निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार करने अधिकारियों को निर्देशित किया।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय अपने नियमित प्रातः भ्रमण के दौरान आज प्रातः 7.30 बजे नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 22 स्थित स्लम बस्ती कांशीनगर पहुंचे। उन्होने सम्पूर्ण बस्ती का पैदल व स्कूटी से भ्रमण करते हुए वहॉ की विभिन्न समस्याओं का सघन रूप से जायजा लिया। बस्ती की विभिन्न गलियों में टूटी नालियों का मरम्मत करने, कांशीनगर चर्च के पास जीर्ण हो चुकी सड़क व नाली का मरम्मत व निर्माण किए जाने हेतु तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने वार्ड पार्षद श्री सुभाष राठौर व निगम के अधिकारियों

की टीम के साथ बस्ती का भ्रमण करते हुए नालियों की साफ–सफाई, स्ट्रीट लाईट व विद्युत व्यवस्था, पेयजल की आपूर्ति तथा अन्य व्यवस्थाओं से जुड़ी समस्याओं का निरीक्षण किया, वहॉ के निवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं पर चर्चा की, बस्ती की सफाई व्यवस्था की जानकारी ली तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के वार्ड क्र. 23 बुधवारी अंतर्गत उमेश साहू के घर से मरकाम जी के घर तक सी.सी. रोड का निर्माण कराने के संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही त्वरित रूप से किए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

**गंदगी फैलाने पर दी कड़ी चेतावनी** – भ्रमण के दौरान आयुक्त ने पाया कि कांशीनगर स्थित चर्च के समीप सड़क पर पानी का जमाव हो रहा है एवं वहॉ पर स्थित ठेलों गुमठियों व दुकानदारों द्वारा कचरा डालकर वहॉ गंदगी फैलाई जा रही है, इसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त श्री पाण्डेय ने ठेला–गुमठी संचालकों व दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी तथा कहा कि यदि वे अपनी आदत में सुधार नहीं करते भविष्य में गंदगी फैलाते हैं व कचरा डालते हैं तो दुकानों को सील करने की कार्यवाही की जाएगी।

**खुद कचरा उठाकर दी दुकानदारों को प्रेरणा** – सुभाष चौक निहारिका मुख्य मार्ग पर कई स्थानों पर दुकानों के सामने दुकानदारों द्वारा कचरा डाल दिया गया था। भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने संबंधित दुकानदारों को समझाईश दी कि वे दुकानों से निकले कचरे को डस्टबिन में रखे तथा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु पहुंचने वाली निगम की स्वच्छता दीदियों व सफाई कामगारों को ही कचरा दें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त मार्ग पर अनेक स्थलों पर फेंके गए कचरे कागज, पन्नी, रैपर, खाली बोतल को स्वयं उठाना शुरू कर दिया, इस पर संबंधित दुकानदारों ने प्रेरणा लेते हुए शीघ्र ही उक्त कचरा उठा लेने तथा पुनः सड़क पर कचरा न डालने की बात कही।

**गढ़कलेवा पहुंचकर जानी समस्याएं** – आयुक्त श्री पाण्डेय स्मृति उद्यान के पीछे स्थित गढ़कलेवा चौपाटी पहुंचे, उन्होने चौपाटी का भ्रमण कर वहॉ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा वहॉ की समस्याएं जानी। इस मौके पर उन्होने चौपाटी संघ के अध्यक्ष एवं चौपाटी में दुकानें लगाने वाले दुकानदारों से वहॉ की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। आयुक्त श्री पाण्डेय ने चौपाटी की नियमित साफ–सफाई सुनिश्चित किए जाने के साथ ही वहॉ की सभी छोटी–बड़ी समस्याओं के त्वरित निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**कोसाबाड़ी के सब्जी विक्रेताओं से मिले आयुक्त, स्वच्छता के प्रति किया आगाह** – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय कोसाबाड़ी में सड़क के किनारे लग रहे सब्जी बाजार के सब्जी विक्रेताओं से भेंट की एवं सब्जी बाजार का भ्रमण कर वहॉ की स्वच्छता का निरीक्षण किया। आयुक्त श्री पाण्डेय सब्जी विक्रेताओं से कहा कि वे अपनी दुकानों में डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखें तथा दुकानों से निकलने वाले अपशिष्ट को डस्टबिन में डालें, कचरे को सड़क पर कदापि न फेंके, अन्यथा निगम अमले द्वारा इस पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

इस अवसर पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, पार्षद सुभाष राठौर, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, सहायक राजस्व अधिकारी सुमित गुप्ता, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा,, उप अभियंता अश्वनी दास, पी.आई.यू. धनमोहन रात्रे, पंकज गवेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।